समाचार

शहर में 25 जनवरी से चलेगा स्वच्छता का महाअभियान

(निगम प्रशासक व कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने मेगा स्वच्छता ड्राईव हेतु वार्डवार बनाए नोडल अधिकारी, एक्शन मोड पर स्वच्छता अभियान संचालन करने के दिए निर्देश)

कोरबा 24 जनवरी 2025 – निगम प्रशासक व कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा 25 जनवरी से स्वच्छता का महाअभियान संचालित किया जाएगा, जो 06 मार्च तक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वार्ड एवं बस्तियों में चलाया जाएगा। प्रतिदिन प्रातः 07 बजे अभियान शुरू होगा, जो कार्य समाप्ति तक जारी रहेगा। व्यापक साफ–सफाई कार्यो के साथ–साथ इस दौरान सडक, फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने, स्ट्रीट लाईट की मरम्मत करने व जल आपूर्ति संबंधी शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित किए जाने का कार्य भी एक अभियान के रूप में संचालित होगा। विशेषतः प्रत्येक दिन दो चयनित वार्ड होंगे, जिनकी शत प्रतिशत सफाई कर उन्हें गारर्बेज फ्री करने का लक्ष्य रखा गया।

आयुक्त श्री पाण्डेय ने मेगा स्वच्छता ड्राईव के संचालन हेतु निगम के वार्डवार नोडल अधिकारियों का दायित्व सौपा गया है, इसमें इस बात का ध्यान रखा गया है कि जोन कमिश्नरों या संबंधित अधिकारियों को उनके जोन का नोडल अधिकारी न बनाकर दूसरे जोन के वार्डो का नोडल अधिकारी बनाया जाए ताकि वे पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन धरातलीय स्तर पर करें। स्वच्छता महाअभियान के लिए निर्धारित कार्यक्रम अनुसार **25 जनवरी को** वार्ड क्र. 01 रामसागरपारा व वार्ड क्र. 29 पोड़ीबहार, **27 जनवरी को** वार्ड क्र. 02 साकेत नगर एवं 34

लालघाट, **28 जनवरी को** वार्ड क्र. 23 रविशंकर नगर एवं 22 शिवाजीनगर, **29 जनवरी को** वार्ड क्र. 04 देवांगनपारा व 28 राजेन्द्र प्रसाद नगर, **30 जनवरी को** वार्ड क्र. 03 राताखार एवं 43 हसदेव क्रमांक 01, **31 जनवरी को** वार्ड क्र. 24 एम.पी.नगर व 35 रिसदा, **01 फरवरी को** वार्ड क्र. 05 धनुवारपारा व 17 पथर्रीपारा, **03 फरवरी को** वार्ड क्र. 13 परिवहननगर एवं 36 पाड़ीमार 01, **04 फरवरी को** वार्ड क्र. 25 नेहरूनगर व 37 पाड़ीमार 02, **05 फरवरी को** वार्ड क्र. 06 पुरानी बस्ती एवं 20 कांशीनगर, **06 फरवरी को** वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस व 54 सर्वमंगलानगर, **17 फरवरी को** वार्ड क्र. 26 मुड़ापार व 39 कैलाशनगर, **18 फरवरी को** वार्ड क्र. 07 मोतीसागरपारा व 44 हसदेव क्र. 02, **19 फरवरी को** वार्ड क्र. 15 छ.ग.रा.वि.क्र. 01 एवं 56 इमलीछापर, **20 फरवरी को** वार्ड क्र. 27 एसईसीएल कालोनी एवं 40 परसाभांठा क्र. 01, **21 फरवरी को** वार्ड क्र. 08 इमलीडुग्गू व 48 सुमेधा, **22 फरवरी को** वार्ड क्र. 16 कोहड़िया एवं 57 भैरोताल, **24 फरवरी को** वार्ड क्र. 30 मानिकुपर एवं 41 परसाभांठा क्र. 02, **25 फरवरी को** वार्ड क्र. 09 भिलाईखुर्द एवं 45 हसदेव क्र. 02, **26 फरवरी को** वार्ड क्र. 18 छ.ग.रा.वि.क्र. 02 एवं 58 इमलीछापर, **27 फरवरी को** वार्ड क्र. 21 बुधवारी एवं 42 रूमगरा, **28 फरवरी को** वार्ड क्र. 10 सीतामणी व 46 अयोध्यापुरी, **01 मार्च को** वार्ड क्र. 31 खरमोरा एवं 47 जमनीपाली, **03 मार्च को** वार्ड क्र. 11 नई बस्ती एवं 59 विकासनगर, **04 मार्च को** वार्ड क्र. 32 कोसाबाड़ी एवं 51 सरदार पटेलनगर, **05 मार्च को** वार्ड क्र. 12 शारदा विहार व 52 दर्रीखार एवं **06 मार्च को** वार्ड क्र. 33 रामपुर व 53 दर्रीखार क्र. 02, 55 बलगीखार में अभियान चलाया जाएगा।

आयुक्त ने की आमजन से अपील – आयुक्त श्री पाण्डेय ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा है कि निगम द्वारा जिस दिन जिस वार्ड में स्वच्छता अभियान संचालित किया जाए, वहॉ के नागरिकबंधु प्रातः 07 बजे से 10 बजे तक निगम के इस महाअभियान में शामिल होकर स्वच्छता कार्यो में अपनी सहभागिता प्रदान करें तथा अपने कोरबा शहर को साफ–सुथरा रखने में अपना सहयोग दें।